# मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अभियान चलाया

नगर निगम की टीम ने बाजार का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर हिदायत

## बिना मास्क सब्जी खरीद रहे लोगों के घर जाएगा नोटिस

**मानगो**

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

मानगो नगर निगम की ओर से मंगलवार को बिना मास्क वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इसमें 22 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सभी सब्जी खरीदते हुए पकड़े गए। यह कार्रवाई कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में की गई।

मास्क चेकिंग अभियान बाजार, हाट के पथ विक्रेताओं, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में चला, जो बिना मास्क खरीद-बिक्री कर रहे थे। साथ ही दुकान में आने वाले जिन ग्राहकों ने मास्क नहीं पहना था तथा सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन नहीं कर रहे थे, उन सभी लोगों को फटकार लगाते हुए मास्क लगाने की चेतावनी दी गई और उनका नाम दर्ज किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि दुकानों में आने वाले लोगों को और दुकानदारों को मास्क लगाना है। कई जगहों से यह सूचना मिल रही है कि दुकानदार भी मास्क नहीं पहन रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनपर कार्रवाई की जाएगी। बाजार में दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों को भी चिह्नित कर एक्शन लिया जाएगा। इस टीम में निर्मल कुमार, निशांत कुमार, राहुल कुमार एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**कार्रवाई**

- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर लगाई फटकार
- दुकानदारों को भी दी गई सख्ती की चेतावनी



मानगो में मंगलवार को सब्जी विक्रेताओं को फटकार लगाते अधिकारी।

**जुगसलाई**

### बगैर मास्क घूम रहे 100 लोगों की कोरोना जांच

जमशेदपुर। स्टेशन रोड प्रदीप मिश्रा चौक से चौक बाजार तक मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के निरीक्षण का अभियान भी चला। इससे मास्क नहीं लगाने वाले करीब सौ लोगों को पकड़ा गया। उन्हें कोरोना जांच के बाद छोड़ा गया। अभियान में कर दारोगा ज्ञानेश्वर प्रसाद, कनीय अभियंता मुकेश कुमार मोदी, मो. जलालुद्दीन अंसारी, हितनारायण सिंह, संतोष कुमार यादव, सुपरवाइजर अजय कुमार सिंह समेत अन्य शामिल थे।